**NEWS CLIPPING: 18.05.2020**

**PUNJAB KESARI**

# जे.सी. बोस विवि. का संशोधित अकादमिक कैलेंडर जारी

## अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाएं 1-10 जुलाई तक, बाकी सेमेस्टर परीक्षाएं 11 जुलाई के बाद

फरीदाबाद, 17 मई (पूजा शर्मा): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद ने मौजूदा शैक्षणिक सत्र के लिए संशोधित अकादमिक कैलेंडर जारी किया है तथा सभी पाठ्यक्रमों की सेमेस्टर परीक्षा और शैक्षणिक सत्र 2020-21 शुरू करने के लिए तारीखों की घोषणा की है। इसके साथ-साथ विश्वविद्यालय ने 18 मई से 25 जून, 2020 तक ग्रीष्मकालीन अवकाश की घोषणा भी की है।

विश्वविद्यालय द्वारा जारी संशोधित अकादमिक कैलेंडर के अनुसार, सभी पाठ्यक्रमों की अंतिम सेमेस्टर परीक्षाएं 1 से 10 जुलाई, 2020 तक आयोजित की जायेंगी। हालांकि, अन्य सेमेस्टर की परीक्षाएं 11 जुलाई, 2020 से आयोजित की जायेंगी। आगामी शैक्षणिक सत्र में मौजूदा विद्यार्थियों के लिए कक्षाएं 1 अगस्त, 2020 से शुरू होंगी जबकि नये सत्र में दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों के लिए कक्षाएं 1 सितंबर, 2020 से शुरू होंगी।

यूजीसी के दिशानिर्देशों की अनुपालन करते हुए विश्वविद्यालय द्वारा कोरोना वायरस महामारी के कारण उत्पन्न परिस्थितियों में शैक्षणिक कैलेंडर तथा परीक्षा प्रक्रिया में आवश्यक बदलावों को लेकर निर्णय लेने के लिए एक 10 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया था। कमेटी ने मौजूदा अकादमिक कैलेंडर में बदलावों, सेमेस्टर परीक्षाओं के आयोजन तथा नये शैक्षणिक सत्र 2020-21 के लिए कक्षाएं शुरू करने के कार्यक्रम को लेकर अपनी विस्तृत रिपोर्ट सौंपी है।

इस संबंध में जानकारी देते हुए कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय सभी सेमेस्टर की परीक्षाएं आयोजित करवाने के लिए प्रयास कर रहा है। विश्वविद्यालय सामाजिक दूरी के मानदंडों की अनुपालना करते हुए ऑफलाइन मोड में परीक्षाएं आयोजित करवाने को प्राथमिकता देगा और इसकी संभावनाओं पर हरसंभव प्रयास किये जायेंगे। हालांकि ऑफलाइन मोड में परीक्षाओं का आयोजन व्यवहारिक न होने की स्थिति में परीक्षाएं ऑनलाइन मोड में भी आयोजित की जा सकती है, जिसके लिए संभावनाओं और विकल्पों का पता लगाया जा रहा है। कुलपति ने कहा कि यदि आवश्यक हुआ तो विश्वविद्यालय परीक्षा की अवधि 3 घंटे से घटाकर 2 घंटे करने पर विचार कर सकता है ताकि परीक्षा प्रक्रिया को कई शि टों में पूरा किया जा सके।

**हेल्पलाइन शुरू करेगा विश्वविद्यालय:** कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय वर्तमान महामारी संकट के दौरान छात्रों की परीक्षा और शैक्षणिक गतिविधियों से संबंधित शिकायतों एवं समस्याओं के लिए एक हेल्पलाइन भी शुरू करेगा। अकादमिक मामलों के डीन डॉ. विक्रम सिंह ने बताया कि कि मौजूदा सत्र में लॉकडाउन की अवधि के दौरान विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों की हाजिरी को उपस्थिति माना जाएगा।

### एक्सटर्नल प्रैक्टिकल परीक्षाएं 21 से

**विश्वविद्यालय** द्वारा जारी संशोधित शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार, एक्सटर्नल प्रैक्टिकल परीक्षाएं 21 से 30 मई, 2020 तक आयोजित की जाएगी। इसके अलावा, विद्यार्थियों द्वारा सभी प्रकार के प्रोजेक्ट एवं डिजर्टेशन जमा करवाने तथा वाइवा परीक्षा का आयोजन 5 जून से 15 जून, 2020 तक किया जायेगा। सभी प्रैक्टिकल और वाइवा परीक्षाएं वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से की जायेंगी।

**NEWS CLIPPING: 18.05.2020**

**THE PIONEER**

# जेसी बोस ने जारी किया संशोधित अकादमिक कैलेंडर

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय फरीदाबाद ने मौजूदा शैक्षणिक सत्र के लिए संशोधित अकादमिक कैलेंडर जारी किया है तथा सभी पाठ्यक्रमों की सेमेस्टर परीक्षा और शैक्षणिक सत्र 2020-21 शुरू करने के लिए तारीखों की घोषणा की है। इसके साथ-साथ विश्वविद्यालय ने 18 मई से 25 जून, 2020 तक ग्रीष्मकालीन अवकाश की घोषणा भी की है। विश्वविद्यालय द्वारा जारी संशोधित अकादमिक कैलेंडर के अनुसार, सभी पाठ्यक्रमों की अंतिम सेमेस्टर परीक्षाएं 1 से 10 जुलाई, 2020 तक आयोजित की जायेंगी। हालांकि, अन्य सेमेस्टर की परीक्षाएं 11 जुलाई, 2020 से आयोजित की जायेंगी। यूजीसी के दिशानिर्देशों की अनुपालन करते हुए विश्वविद्यालय द्वारा कोरोना वायरस महामारी के कारण उत्पन्न परिस्थितियों में शैक्षणिक कैलेंडर तथा परीक्षा प्रक्रिया में आवश्यक बदलावों को लेकर निर्णय लेने के लिए एक 10 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया था।

J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad
*(formerly YMCA University of Science and Technology)*
A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009
SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006
Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 18.05.2020**

**NAVBHARAT TIMES**

# जेसी बोस यूनिवर्सिटी का अकैडमिक कैलंडर जारी, 1 जुलाई से होगी परीक्षा

**एनबीटी न्यूज, फरीदाबाद:** जेसी बोस यूनिवर्सिटी की तरफ से मौजूदा शैक्षणिक सत्र के लिए संशोधित अकैडमिक कैलंडर जारी किया गया है। साथ ही सभी कोर्स की परीक्षा व 2020-21 शैक्षणिक सत्र शुरू करने की तारीख भी घोषित की गई हैं। इसके अलावा यूनिवर्सिटी ने 18 मई से 25 जून तक गर्मियों की छुट्टियों का ऐलान किया है।

यूनिवर्सिटी की तरफ से जारी संशोधित अकैडमिक कैलंडर के अनुसार सभी कोर्स के अंतिम सेमेस्टर परीक्षाएं 1 से 10 जुलाई तक आयोजित होंगी। अगले शैक्षणिक सत्र में मौजूदा छात्रों की क्लासें 1 अगस्त से शुरू होंगी, जबकि नए सत्र में दाखिला लेने वाले छात्रों की क्लास 1 सितंबर से शुरू की जाएंगी। यूजीसी के दिशा-निर्देशों की अनुपालन करते हुए यूनिवर्सिटी ने कोरोना महामारी के कारण उत्पन्न परिस्थितियों में शैक्षणिक कैलंडर व परीक्षा प्रक्रिया में आवश्यक बदलाव के लिए 10 सदस्यीय कमिटी का गठन किया था। कमिटी ने अपनी विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर सौंपी है।

**नए सत्र में दाखिला लेने वाले छात्रों की क्लास 1 सितंबर से शुरू होंगी**

यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार ने बताया कि यूनिवर्सिटी सभी सेमेस्टर की परीक्षाएं आयोजित करवाने के लिए प्रयास कर रही है। ऑफलाइन मोड में परीक्षाएं आयोजित करवाने को प्राथमिकता दी जाएगी। अगर यह व्यवहारिक नहीं होगा तो परीक्षाएं ऑनलाइन मोड में भी आयोजित की जा सकती हैं। इसके लिए संभावनाओं व विकल्पों को तलाशा जा रहा है। जरूरत पड़ने पर परीक्षा की अवधि 3 घंटे से घटाकर 2 घंटा करने पर विचार हो रहा है।

अकादमिक मामलों के डीन डॉ. विक्रम सिंह ने बताया कि कि मौजूदा सत्र में लॉकडाउन की अवधि के दौरान सभी छात्रों व शोधार्थियों की हाजिरी को उपस्थिति माना जाएगा। यूनिवर्सिटी 31 जुलाई तक वर्तमान सेमेस्टर से संबंधित सभी गतिविधियों को पूरा करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। पीएचडी के लिए वाइवा परीक्षा का आयोजन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम करवाने की अनुमति होगी। शैक्षणिक कैलंडर के अनुसार एक्सटर्नल प्रैक्टिकल परीक्षाएं 21 से 30 मई तक आयोजित की जाएगी।